77

जब यीशु हमारे चन्दे को देखता है

मरकुस 12:41-44; लूका 21:1-4, एक निकट दृष्टि

किसी ने कहा है कि बाइबल की आयतों का छठा भाग किसी न किसी रूप में चन्दे के विषय में है।[1] पता नहीं कि यह सही है या नहीं, पर मैं इतना जानता हूं कि इस विषय पर बाइबल बहुत कुछ बताती है: "... प्रभु यीशु ... ने आप ही कहा; कि लेने से देना धन्य है" (प्रेरितों 20:35); "... परमेश्वर हर्ष से देने वाले से प्रेम रखता है" (2 कुरिन्थियों 9:7); "...मसीह ने भी तुम से प्रेम किया; और हमारे लिए अपने आप को ... बलिदान कर दिया" (इफिसियों 5:2)। विंस्टन चर्चिल ने एक बार कहा था, "अपनी जीविका हम काम करके कमाते हैं, पर हमारा जीवन उसी से बनता है, जो हम देते हैं।"[2]

चन्दे के विषय पर बोलने से परमेश्वर ने कोई परहेज़ नहीं किया, पर प्रचारक कई बार करते हैं। चन्दे पर संदेश आमतौर पर हमारी पसन्द की सूची के आधार पर नहीं होते। यदि चन्दे पर सबक से आपको परेशानी होती है, तो उस विधवा के बारे में हमारे अध्ययन करते हुए, जिसने, जो कुछ उसके पास था वह दे दिया, छटपटाने के लिए तैयार रहें।

यीशु ने मन्दिर में दिए जाने वाले चन्दे को देखा

यीशु की मृत्यु वाले शुक्रवार से पहला मंगलवार बहुत ही थका देने वाला दिन था। पूरा दिन, प्रभु शत्रुओं के साथ शब्दों की जंग लड़ता रहा, जो बार-बार उसे फंसाने की कोशिश करते रहे थे।

हमारे अध्ययन के आरम्भ में, मसीह स्त्रियों के आंगन में चला गया था, जहां मन्दिर का भण्डार था (मरकुस 12:41)।[3] मन्दिर के इस भाग में उसने पहले उपदेश दिया था (यूहन्ना 8:20)। एडरशेम के अनुसार, "भण्डार" में आंगन के एक भाग में तुरही के आकार के तेरह[4] बर्तन थे।[5] हर बर्तन पर इब्रानी वर्णमाला का एक अक्षर लिखा हुआ था, और हर बर्तन में रखा धन मन्दिर के अलग कार्य (बलिदानों, देखभाल आदि) के लिए इस्तेमाल होता था। ये दान स्वेच्छा से दिए जाते थे। पर्व जैसे विशेष अवसरों पर, बहुत से

लोग स्वेच्छा से दान देने आते थे।

यीशु ''मन्दिर के भण्डार के साम्हने बैठ'' गया (मरकुस 12:41क)। कुछ समय के लिए वह अकेला था।[6] इसमें कोई संदेह नहीं कि उसने इस समय का आनन्द उठाया। स्पष्टतया वह आंखें झुकाकर (शायद आंखें बन्द करके) कुछ देर के लिए बैठ गया, पर फिर ''उसने आंख उठाकर ... देखा'' (लूका 21:1क)।

वह ''देख रहा था कि लोग मन्दिर के भण्डार में किस प्रकार पैसे डालते हैं'' (मरकुस 12:41ख)। यह क्या बात हुई? उसने देखा कि लोग क्या दे रहे हैं?[7] मैं तो सोचता था कि जब मैं चन्दा देता हूं, तो मेरे दाहिने हाथ को पता नहीं चलना चाहिए कि मेरा बायां हाथ क्या कर रहा है–मेरे दाईं ओर तथा बाईं ओर वाले लोगों की तो बात ही दूर है।[8] मुझे लगता था कि मेरा दिया हुआ दान मेरे सिर के बालों की संख्या की तरह संसार के सबसे गुप्त कामों में से है।[9] तौ भी बाइबल इस बात का ऐलान करती है कि प्रभु वहां बैठकर ''देख रहा था कि लोग मन्दिर के भण्डार में किस प्रकार पैसे डालते हैं।''

यूनानी शब्द का अनुवाद ''डालते हैं'' ''फैंकते हैं'' भी हो सकता है। KJV में कहा गया है कि ''लोग भण्डार में पैसे *फैंकते* हैं।'' पहले मसीह ने कहा था कि कइयों को अपने दान का फल मिल गया था (देखें मत्ती 6:2)। शायद उन लोगों ने अपने सिक्के फैंकते हुए दानपात्र बनाना सीख लिया था।[10]

प्रभु ने देखा कि ''बहुत धनवानों ने कुछ डाला'' (मरकुस 12:41ग)। इसमें कुछ गलत नहीं था। पौलुस ने कहा कि जो थोड़ा बोता है, वह थोड़ा काटेगा भी और जो बहुत बोता है, वह बहुत काटेगा भी (2 कुरिन्थियों 9:6)।

फिर यीशु ने यह मन को छू लेने वाला दृश्य देखा: ''एक कंगाल विधवा ने आकर दो दमड़ियां, जो एक अधेले के बराबर होती थीं, डालीं'' (मरकुस 12:42)। विधवाओं को समाज का सबसे लाचार और असहाय वर्ग माना जाता था। परमेश्वर ने विधवाओं की देखभाल और रक्षा के लिए विशेष नियम दिए थे (देखें निर्गमन 22:22; व्यवस्थाविवरण 24:19-21; 26:12, 13; 27:19)।[11] अधिकतर विधवाएं निर्धन होती थीं; मरकुस और लूका द्वारा विशेष तौर पर इस कहानी वाली विधवा को ''निर्धन'' कहना इस बात का संकेत हो सकता है कि वह निर्धनों में भी सबसे निर्धन थी।

मसीह के देखते, इस विधवा ने ताम्बे के दो छोटे सिक्के डाल दिए। हिन्दी की बाइबल में ''दो दमड़ियां'' डालने की बात कही गई है। लोगों के दिमाग में यह कहानी हमेशा ''विधवा की दमड़ियां'' के नाम से ही जानी जाएगी।

''ताम्बे के छोटे सिक्के'' या ''दमड़ियां'' का अनुवाद यूनानी शब्द *lepton* के बहुवचन रूप *lepta* से किया गया है। लैप्टन ताम्बे का एक छोटा सा यहूदी सिक्का होता था; *लैप्टन* शब्द का अर्थ है ''पतला, छोटा या अच्छा।'' नये नियम में उल्लेखित लैप्टन ही एकमात्र यहूदी सिक्का है। बाइबल बताती है कि दो लैप्टा ''एक सैंट'' के बराबर होते थे। ''सैंट'' एक छोटे रोमी सिक्के *क्वाडरेन्ट* का यूनानी शब्द है। एक क्वाडरेन्ट दीनार (एक मज़दूर की एक दिन की मज़दूरी; मत्ती 20:2) के चौंसठवें भाग के लगभग होता था।[12] इस

विधवा के दो छोटे सिक्कों की कीमत जानने के लिए, जहां आप रहते हैं, वहां मज़दूर को मिलने वाली एक दिन की मज़दूरी को बत्तीस से भाग कर दें। याद रखें कि एक आम मजदूर केवल अपनी मजदूरी से ही गुजारा करता है।[13] और इस विधवा के पास एक दिन की मजदूरी का एक छोटा सा भाग था।

इस स्त्री को देखते हुए मसीह ने सोचा होगा, ''मेरे अनुयायियों को इसे देखना चाहिए।''[14] उसने अपने चेलों को अपने पास बुलाया (मरकुस 12:43क) और कहा, ''मैं तुम से सच कहता हूं, कि मन्दिर के भण्डार में डालने वालों में से इस कंगाल विधवा ने सब से बढ़कर डाला है'' (मरकुस 12:43ख)। यूनानी वाक्य रचना से संकेत मिलता है कि उसने बाकी *सब लोगों से* अधिक दिया था।[15] मनुष्यों के नजरिये से उसका योगदान नगण्य था; परन्तु परमेश्वर के दृष्टिकोण से यह बहुमूल्य था। प्रभु की नज़र में, उसके छोटे-छोटे सिक्के बहुमूल्य हीरों से भी कीमती थे।

इस विधवा ने बहुत छोटी सी राशि दी हो सकती है, पर उसकी ''नि:स्वार्थ उदारता'' ने लगभग दो हज़ार साल से बलिदानपूर्वक देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया था। किसी ने ''अनुमान लगाया है कि यदि चार प्रतिशत की दर से अर्धवार्षिक ब्याज लेने के लिए 'फर्स्ट नैशनल बैंक, यरूशलेम' में उस विधवा की दमड़ियां जमा की जातीं, तो आज कुल जमा 4,80,00,00,00,00,00,00,00,00,000 [अठतालीस के साथ बीस शून्य] डॉलर हो जाता''![16] मैंने इस संख्या का हिसाब लगाने का कभी विचार नहीं किया है-परन्तु मैं इतना जानता हूं कि इस विधवा के उदाहरण से लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों डॉलर देने की प्रेरणा मिली है। बर्टन कॉफ़मैन ने कई साल पहले यह उदाहरण दिया था:

> न्यू यॉर्क नगर उस आधार और मीनार के निर्माण के लिए जिस पर बरथोल्दी का स्टैच्यू ऑफ़ लिबर्टी बनना था, आप्रवासी निर्धनों के बीच एक अभियान में भाग ले रहा था। एक निर्धन स्त्री के अपना, अपना बिस्तर 13 डॉलर में बेचकर उसमें धन डालने तक इस अभियान ने तेज़ी नहीं पकड़ी थी। उसकी प्रेरणा से, लोगों ने तुरन्त प्रतिक्रिया दी और आवश्यकता से अधिक धन हो गया। इसी प्रकार से वचन में बताई गई निर्धन विधवा ने कई चर्च हाउस बनाने तथा संसार भर के कई बजटों को बढ़ाने में योगदान दिया है।[17]

यीशु ने आगे कहा, ''क्योंकि सब ने अपने धन की बढ़ती में से डाला है, परन्तु इस ने अपनी घटी में से जो कुछ उसका था अर्थात् अपनी सारी जीविका डाल दी है'' (मरकुस 12:44)। मनुष्य दिए जाने वाले दान को देखते हैं; परमेश्वर देखता है कि दान देने के बाद उसके पास क्या बाकी बचा है। धनी लोगों को दान देने से कोई फर्क नहीं पड़ा था; जबकि इस विधवा के पास दान देने के बाद कुछ बचा ही नहीं था। कभी-कभी, हम किसी को यह कहते हुए सुनते हैं, ''मैं केवल विधवा की तरह दमड़ी ही दे सकता हूं।'' जब तक आप अपना *सब* कुछ नहीं दे देते, तब तक यह न कहें कि आप ''विधवा की तरह दमड़ी'' ही

दे रहे हैं। यदि आपके पास कुछ भी बचा है, तो आपके दान की तुलना उस निर्धन विधवा के दान से नहीं की जा सकती।

लोगों ने इस पर बहस की है कि उस विधवा का निर्णय सही था या नहीं। आपने और मैंने उसे रोकने की कोशिश की हो सकती है: "तू कुछ ज़्यादा ही दे रही है! परमेश्वर यह अपेक्षा नहीं करता कि तू अपना पेट काटकर मन्दिर के कोष में दे! वह देने की तेरी इच्छा से प्रसन्न होगा, पर इसमें से कुछ अपने लिए रख छोड़!" परन्तु प्रभु ने प्रेम के उसके दान के लिए उसकी सराहना की। एक बात पक्की है: इस विधवा का पूरा भरोसा था कि परमेश्वर अगले दिन की उसकी आवश्यकताओं को पूरा करेगा (मत्ती 6:33)।[18]

मन को छू लेने वाली इस कहानी से कई सबक मिलते हैं:[19]

- धनी हों, निर्धन हों, या मध्यम वर्ग के, *सब को* देना चाहिए।
- परमेश्वर देने को हम से अलग नज़र से देखता है।
- हमारा देना बलिदानपूर्वक होना चाहिए।
- हमारे देने से यह पता चलना चाहिए कि हमारा भरोसा परमेश्वर में है, न कि चांदी में।

परन्तु एक ही बात, जिस पर मैं ज़ोर देना चाहता हूं, वह यह है कि जैसे यीशु उस विधवा को देख रहा था, वैसे ही हमें भी देख रहा है।

यीशु आज भी हमारे चन्दे को देखता है

बहुत सी आयतों से पता चलता है कि परमेश्वर सब कुछ देखता है, यानी वह सर्वव्यापक और सर्वज्ञ है:

> ... यहोवा की दृष्टि सारी पृथ्वी पर ... फिरती है ... (2 इतिहास 16:9क)।
>
> ... मनुष्य के मार्ग यहोवा की दृष्टि से छिपे नहीं हैं, और वह उसके सब मार्गों पर ध्यान करता है (नीतिवचन 5:21)।
>
> यहोवा की आंखें सब स्थानों में लगी रहती हैं, वह बुरे-भले दोनों को देखती रहती हैं (नीतिवचन 15:3)।
>
> और सृष्टि की कोई वस्तु उससे छिपी नहीं है वरन जिससे हमें काम है, उसकी आंखों के साम्हने सब वस्तुएं खुली और बेपरद हैं (इब्रानियों 4:13)।

परमेश्वर हमारे चन्दे को भी देखता है। वह जानता है कि जो होना चाहिए वह हो रहा है या नहीं। उसने हनन्याह और सफीरा के कपटपूर्ण दान को देखा, और उनसे नाराज हुआ

था (प्रेरितों 5:1-11)। उसने मकिदुनिया के लोगों के बलिदानपूर्वक दान को देखा और उनसे प्रसन्न हुआ था (2 कुरिन्थियों 8:1-5)। पौलुस ने लिखा है:

> परन्तु बात तो यह है, कि जो थोड़ा बोता है वह थोड़ा काटेगा भी; और जो बहुत बोता है, वह बहुत काटेगा। हर एक जन जैसा मन में ठाने वैसा ही दान करे; न कुढ़-कुढ़ के, और न दबाव से, क्योंकि परमेश्वर हर्ष से देने वाले से प्रेम रखता है (2 कुरिन्थियों 9:6, 7)।

प्रभु ने दो हज़ार वर्ष पहले मन्दिर में दिए जाने वाले दान की जांच की थी, और वह अभी भी "स्वर्ग के भण्डार के सामने बैठकर हमें देख रहा है।"[20] मैंने एक प्रचारक के बारे में पढ़ा है, जिसने चन्दे में से सहायता मांगी थी। चन्दे की थैली आगे करते हुए, वह बीच-बीच में चन्दे को पकड़ता और उसे ध्यान से देखता।[21] जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चन्दा इकट्ठा होने पर, बहुत से लोग परेशान हुए और कई तो नाराज भी हो गए। प्रचारक पुलपिट पर जाकर कहने लगा, "आप में से कुछ लोग परेशान हैं, क्योंकि मैंने एक बार आपके चन्दे को देखा है। क्या आप जानते हैं कि जब भी आप चन्दा देते हैं, प्रभु उसे देख रहा होता है? जब वह देखता है, तो उसे कैसा लगता है? वह प्रसन्न होता है या दुखी होता है?"

हमारे चन्दे को देखकर मसीह क्या *करता* है? मैं आपको इस प्रश्न का उत्तर नहीं दे सकता और आप मेरे लिए इस प्रश्न का उत्तर नहीं दे सकते। जो कहानी हमने पढ़ी है, उसी से पता चलता है कि परमेश्वर की दिलचस्पी इस बात में नहीं है कि हम कितना देते हैं, उसकी दिलचस्पी तो यह है कि हम उसमें से जो हमारे पास है, कितना देते हैं। वह केवल दान को ही नहीं, देने वाले को भी देखता है। जितना उसे इस बात का ध्यान है कि हम कितना देते हैं, उतना ही वह यह भी देखता है कि हमारे पास क्या शेष बचा है।

जब मैं चन्दा देता हूं, तो क्या उसमें कोई बलिदान होता है? देते हुए क्या मुझे कुछ त्याग करना आवश्यक है? कोई सुख? कोई आनन्द? निश्चय ही उस विधवा के दान के सामने, जिसने अपनी जीविका, अपना सब कुछ दे दिया, मेरे दान फीके पड़ जाते हैं।

हम ऐसे कई लोगों को जानते हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ दे दिया:[22] माताएं जो जीवन की आवश्यकताओं के बिना रहीं, ताकि उनके बच्चों की आवश्यकताएं पूरी हो जाएं,[23] पुरुष और स्त्रियां, जिन्होंने दूसरों के लिए अपने जीवन दे दिए,[24] मिशनरी जिन्होंने सुसमाचार को दूसरों तक पहुंचाने के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया। "विधवा की दमड़ियां" की कहानी से उठा बेचैन करने वाला प्रश्न यह है कि "*मैंने* क्या दिया है?"

पॉल फ्राइलिंग ने लिखा है:

> नि:संदेह, उस निर्धन विधवा को पता नहीं था कि जो कुछ उसने दिया या जैसे दिया उसे किसी ने देखा होगा। उसने अपना सारा जीवन जीया था, और केवल जब महिमा को आई, उसे स्वयं परमेश्वर के पुत्र के स्वागत से, तो उसे पता चला कि "उसने

उसकी निर्धनता के बर्तन को चूमकर उसे अनन्तकाल के सोने में बदल दिया है।''[25]

सारांश

प्रभु को सब कुछ देना अपने आप को देने से आरम्भ होता है। पौलुस ने मकिदुनिया के लोगों के बलिदानपूर्वक देने के विषय में कहा कि ''उन्होंने प्रभु को, ... अपने तईं दे दिया'' (2 कुरिन्थियों 8:5)। यदि अभी आपने प्रेम, विश्वास और आज्ञाकारिता में अपने आप को परमेश्वर को नहीं दिया, तो उस निर्धन विधवा से प्रेरणा लें, जिसने प्रभु से इतना प्रेम किया कि उसके बलिदान जितना बड़ा कोई और बलिदान नहीं है। इस गीत के शब्दों पर विचार करें, जिन्हें हम कई बार गाते हैं:

यीशु को मैं सब कुछ, सब कुछ करता हूं कुरबान
जीऊंगा मैं रोज़ मसीह में, उस पर रखूंगा ईमान
सब मैं देता हूं, सब मैं देता हूं
तुझी को मुबारक मुंजी, सब कुछ देता हूं।

सब कुछ दे दें, और आज ही उसके पास आ जाएं![26]

टिप्पणियां

[1]इसका अर्थ यह नहीं है कि ''चन्दा'' शब्द इन सभी आयतों में मिलता है, बल्कि यह है कि किसी तरह, कई आयतों में परमेश्वर के हमें कुछ देने या हमारे परमेश्वर को और दूसरों को देने का अर्थ मिलता है। [2]द्वितीय विश्वयुद्ध में ग्रेट ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, चर्चिल का एक महान वक्ता के रूप में बड़ा नाम था। [3]अधिकतर विद्वान मानते हैं कि यह भण्डार स्त्रियों के आंगन में था। [4]मेरे ख्याल से प्रत्येक बर्तन का तल सबसे अधिक चौड़ा भाग था। नीचे से लेकर ऊपर जाते-जाते, यह तंग होता जाता था। सिक्के ऊपर से उसके मुंह में डाले जाते थे। [5]एल्फ्रेड एडरशेम, *द लाइफ़ एण्ड टाइम्स ऑफ़ जीज़स द मसायाह,* न्यू अपडेटेड वर्ज़न (पीबॉडी, मैसाचुएट्स: हैंड्रिक्सन पब्लिशर्स, 1993), 741. धन एकत्र करने के लिए मन्दिर में रखे बड़े संदूक के एक उदाहरण के लिए, देखें 2 राजा 12:9. [6]एक पल में उसने अपने चेलों को पास बुलाया (मरकुस 12:43), वे अवश्य ही वहां इधर-उधर चले गए होंगे। [7]यह इससे पहला और दो अगले वाक्य विडम्बना लगते हैं। [8]यह मत्ती 6:3 का हवाला है। [9]यह मत्ती 10:30 की बात है। [10]दूसरी ओर इस तथ्य में कोई महत्व नहीं हो सकता कि ''डाला'' के लिए यूनानी शब्द का इस्तेमाल किया गया। ऐसा ही यूनानी शब्द विधवा के दान देने के कार्य को बताने के लिए इस्तेमाल किया गया है (मरकुस 12:42)।

[11]वही चिंता नये नियम में दिखाई गई है (देखें प्रेरितों 6:1-6; याकूब 1:27)। [12]चार *क्वाडरेंट*= एक *असेरियन;* सोलह *असेरियन*= एक *दीनार।* [13]इसी कारण, व्यवस्था में कहा गया था कि एक मज़दूर को दिन के अन्त में उसकी मज़दूरी मिल जानी चाहिए। [14]जहां तक मरकुस के वृत्तांत की बात है, यीशु ने अपने चेलों का ध्यान खींचने का विशेष प्रयास केवल कुछ ही अवसरों पर किया (देखें मरकुस 3:13; 6:7; 8:1, 34; 10:42)। [15]लूका 21:3 में द लिविंग बाइबल का अनुवाद है, ''उसका दान बाकी सब के दान के बराबर था।'' [16]पॉल ली टैन, *इन्साइक्लोपीडिया ऑफ़ 7,700 इलस्ट्रेशंस: साइन्स ऑफ़ द टाइम्स* (रॉकविल्ले, मैरीलैंड:

अश्योरेंस: पब्लिशर्स, 1979), 1156. [17]जेम्स बर्टन कॉफ़मैन, कमैन्ट्री ऑन मार्क (अबिलेन, टैक्सस: एसीयू प्रैस, 1975), 240–41. [18]आप निर्णय ले सकते हैं कि यहां पर कितनी चर्चा करनी है। परमेश्वर चाहता है कि हम अच्छा निर्णय लें, पर कई बार स्वार्थ ''व्यावहारिक काम करने'' की तरह रुकावट भी बनता है। [19]आप आवश्यकता के अनुसार इन विचारों को विस्तार दे सकते हैं। [20]पॉल पी. फ्राइलिंग, *प्रिल्यूड टू द क्रॉस एण्ड अदर सरमन्स* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1965) 132.

[21]मैं यह नहीं कहता कि आप इस प्रकार करें। आप किसी व्यक्ति के बारे में जिसने इसे किया, बताकर समझा सकते हैं। आप चाहें तो जोड़ सकते हैं, ''मान लो कि आज मैंने ऐसा किया। तो आपको कैसा लगेगा?'' [22]ऐसे उदाहरणों का इस्तेमाल करें, जिन्हें आपके सुनने वाले समझ जाएं। [23]अमेरिकी इतिहास में यात्रियों की पत्नियों और माताओं के पहली सर्दी में मर जाने का उदाहरण है। इतिहासकारों के अनुसार, उनमें से कई इसलिए मर गईं, क्योंकि उनके परिवारों ने उन्हें आगे किया। [24]आप ऐसे उदाहरण दे सकते हैं, जिनमें अपने साथी सिपाहियों को बचाने के लिए बम पर कोई सिपाही स्वयं कूद गया हो। [25]फ्राइलिंग, 131. [26]आपको चाहिए कि गैर मसीहियों को बताएं कि वे मसीही कैसे बन सकते हैं (मरकुस 16:15, 16; प्रेरितों 2:38; गलातियों 3:26, 27) और भटके हुए मसीहियों को बताएं कि वे कैसे प्रभु के पास लौट सकते हैं (प्रेरितों 8:22; याकूब 5:16)।